## खबर संक्षेप



### फिट इंडिया मूवमेंट के तहत जवानों और बच्चों ने की सायकलिंग

**बिश्रामपुर।** फिट इंडिया मूवमेंट के तहत फिटनेस का डोज, आधा घंटा रोज एवं संडे ऑन सायकल ड्राइव थीम के साथ दसवीं वाहिनी सिलफिली के जवानों और आवासीय कॉलोनी के बच्चों ने रविवार 6 अप्रैल को साइक्लिंग कर फिट रहने का संदेश दिया।दसवीं वाहिनी के सेनानी प्रशांत कतलम ने सायकल यात्रा को हरि झंडी दिखाकर रवाना किया,इस दौरान कमांडेंट श्री कतलम ने बटालियन के अधिकारी , कर्मचारी एवं आवासीय परिसर के बच्चों का साइकल ड्राइविंग के जरिए आमजनो को फिट रहने हेतु रोजाना कम से कम आंधे घंटे साइक्लिंग करने प्रेरित किया।आयोजन में कंपनी कमांडर भूपेंद्र यादव, पीसी बैगा राम, पीसी शिवजी यादव,एपीसी नरेन्द्र साहू,सीसी आर बी शर्मा, सुशील तिवारी एवं बटालियन के समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।आयोजन में साइकल ड्राइविंग मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को इस दौरान पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

### साइकिल रैली निकाल लोगों को स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक



**रामानुजगंज।** खेलो इंडिया योजना के फिट इंडिया पहल के तहत और फिटनेस को हमारी दिनचर्या में शामिल करने के उद्देश्य से आज साइकिल रैली निकाई गई। फिट इंडिया साइकिलिंग के तहत आज सुबह 7.30 बजे संडे ऑन सायकल का कार्यक्रम 12वीं वाहिनी परिसर के मुख्य द्वार से प्रारंभ हुआ। रैली हॉस्पिटल रोड, रिंग रोड, जलकेश्वर रिंग रोड, बुद्धटोला, रंगीला चौक, बस स्टैंड, थाना चौक, भारत माता चौक, गांधी चौक, सेठ मोहल्ला, पहाडी मंदिर चौक होते हुए नगर भ्रमण किया गया। इस बीच लोगों को जागरुक कर 12वीं वाहिनी आवासीय परिसर गेट 02 में समापन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाना एवं दैनिक शारीरिक गतिविधियों के बारे में लोगों को जागरूक करना है। इस दौरान सहायक सेनानी बीपी सिंह, निरीक्षक जेके कुजूर, सुबेदार मेजर अलविनुस बड़ा, उमेश मिश्र, सहायक उप निरीक्षक बालम सिंह, एपीसी अरुण तिम्गा, एपीसी दया सिंह मरावी सहित अन्य मौजूद रहे।

### दिनभर लगा रहा श्रद्धालुओं का तांता

# महानवमीं पर मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, विधि-विधान से की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

चैत्र नवरात्र के महा नवमी पर रविवार को मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। शहर के मां महामाया मंदिर समेत सभी शक्ति पीठों में भक्तों ने माता के दर्शन कर आशीर्वाद लिए। इस दौरान लोगों ने हवन पूजन के साथ जगह जगह कन्या भोज का आयोजन किया। वहीं भक्त सोमवार को 9 दिनों तक चले कठिन व्रत का पारण करेंगे।

**खास बात**
- किया गया हवन-पूजन एवं कन्या भोज

बता दें कि इस बार चैत्र नवरात्र कुल 8 दिनों का रहा। चैत्र नवरात्र के दौरान भक्तों ने गर्मी के मौसम में व्रत रखने के साथ ही विधि विधान से पूजा अर्चना की। चैत्र नवरात्र के अवसर पर व्रतियों ने छठ पर्व भी किया। 8 दिनों तक चले चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन महा नवमी पर मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही नगर के मां महामाया मंदिर, दुर्गा मंदिर, गौरी मंदिर, गायत्री मंदिर, वन देवी मंदिर समेत अन्य शक्तिपीठों में भक्त पहुंचने शुरू हो गए थे। लोगों ने कतार में लग कर माता के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। रविवार को नवमी तिथि में सिद्ध रात्रि की विशेष पूजा अर्चना की गई। महा नवमी के अवसर पर हजारों की संख्या में लोगों ने महामाया मंदिर में माता के दर्शन कर व विधिवत पूजा अर्चना कर अपने व परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। भक्तों की भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा भी सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। मंदिरों में बड़ी संख्या में महिला व पुरुष जवानों को तैनात किया गया था। मंदिर में माता के दर्शन का सिलसिला देर शाम तक जारी रहा। सोमवार को भक्तों द्वारा चैत्र नवरात्र के व्रत का पारण किया जाएगा। इस दौरान विधि विधान से हवन पूजन के बाद व्रत का समापन किया जाएगा।


महामाया मंदिर में पूजा करते श्रद्धालु।


दर्शन के लिए कतार में खड़े श्रद्धालु।

### कन्या भोज का आयोजन

महानवमी के अवसर पर भक्तों ने घरो के साथ ही मंदिरों में कन्या भोज का आयोजन किया। इस दौरान विधिवत पूजा अर्चना व हवन पूजन उपरान्त महामाया मंदिर, दुर्गा मंदिर, गायत्री मंदिर सहित अन्य मंदिरों में कन्या भोज कराया गया। लोगों ने मंदिरों में कन्या भोज के साथ ही अपने घरों में भी वृहद रूप से कन्या भोज का आयोजन किया। कन्याओं को विविध प्रकार के व्यंजन का भोज कराने के साथ ही उन्हें श्रृंगार सामग्री भेंट कर उनके आशीर्वाद लिए। इसके साथ ही महा अष्टमी पर भी घरों में और मंदिरों में कन्या भोज किया गया।

### भंडारे का आयोजन

महानवमी के अवसर पर शहर के महामाया मंदिर, दुर्गा मंदिर, गायत्री मंदिर, सहित अन्य मंदिरों में भंडारे का आयोजन किया गया। इस भंडारे में सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। वैसे तो चैत्र नवरात्र के दौरान भक्तों द्वारा भंडारे का आयोजन किया जा रहा था परंतु महा नवमी पर जगह जगह भक्तों ने भंडारे का आयोजन किया। भंडारे का प्रसाद लेने लोगों की लंबी कतार देखने को मिली।

### नगर में निकली भव्य शोभा यात्रा

**राजपुर।** रविवार को रामनवमी के अवसर पर नगर में राम जानकी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा माँ महामाया मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर पुरे नगर भ्रमण पश्चात महामाया मंदिर प्रांगण में समाप्त की गई। चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन रामनवमी पर मंदिर में पूजा हवन कर अखंड भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिर प्रांगण में हवन पश्चात कन्या भोज कराया गया। रामनवमी पर देर शाम 5 बजे रामजानकी लक्ष्मण व हनुमानजी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। घोड़े के रथ पर सवार रामजानकी शोभायात्रा में नगर वासियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। शोभायात्रा मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर सरगुजा पेट्रोल पंप से होते हुए महुआपारा होकर मंदिर प्रांगण में जाकर समाप्त की गई। शोभायात्रा के दौरान राम भक्तों ने जय श्रीराम नारों से पूरे नगर को गुंजायमान कर दिया व पूरे शोभायात्रा के दौरान रामभक्तों ने भगवा झंडे लेकर शोभायात्रा में शामिल रहे। शोभायात्रा में डीजे के धुन पर लोग थिरकते दिखे। इस शोभायात्रा में पारंपरिक संस्कृति की भी झलक देखने को मिली। शोभायात्रा को लेकर एक दिन पूर्व ही श्री राम सेवा समिति के सदस्यों ने पूरे नगर को आकर्षक रूप से भगवा झंडे लगाकर सजाया था।शोभायात्रा के दौरान नगर सहित आसपास का कई समाज के लोग भारी संख्या में शामिल रहे।शोभायात्रा के दौरान नगर के बच्चे युवा बुजुर्ग व महिलाओं की भारी भीड़ रही। रामनवमी पर निकली शोभायात्रा को देखते हुए थाना प्रभारी कुमार चंदन सिंह स्वयं मौके पर उपस्थित रहे। नगर में शोभायात्रा के दौरान यातायात व्यवस्था बहाल करने राजपुर के पुलिस की टीम मौजूद रहे।



### मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**बिश्रामपुर।** चैत्र नवरात्रि के नवमी तिथि व रामनवमी के अवसर पर आज सुबह से मंदिरों के पट खुलते ही भक्तों का तांता लग गया। यहां पर श्रद्धालुओं द्वारा मातारानी की विधिवत पूजा अर्चना मंत्रोच्चारण कर दोपहर में भव्य रूप से रामजन्मोत्सव मनाया गया। गौरतलब है कि पिछले दिनों 30 मार्च से शुरू हुए चैत्र नवरात्रि का रविवार को भक्तिभाव के साथ हवन पूजन उपरांत विसर्जन किया गया। आस्था की केंद्र आदिशक्ति मां समलेश्वरी महामाया मंदिर व स्वयं भू मां कालरात्रि मंदिर केनापारा में महानवमी के अवसर पर सुबह से भक्तों का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं द्वारा लंबी कतार में लगकर विधिवत पूजा अर्चना कर मातारानी से खुशहाली व समृद्धि की कामना कर पूजा अर्चना किए गए। साथ ही कन्या भोज का भी आयोजन संपन्न कराया गया। शुभ मुहूर्त में दोनों ही देवी धामों में भक्तों द्वारा हवन पूर्णाहुति दी गई। चैत्र नवरात्रि के महानवमी व रामजन्मोत्सव को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।
रामजन्मोत्सव पर नगर के संकटमोचन दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में भी दोपहर बारह बजे भक्तों द्वारा भगवान राम का पूजा अर्चना कर भय प्रकट कृपाला दीन दयाला पाठ का वाचन किया गया। चैत्र नवरात्रि के महानवमी व रामजन्मोत्सव को लेकर अलग अलग स्थानों में पूजा अर्चना उपरांत शोभायात्रा भी निकाली गई।



### खाताधारकों से मिल रही शिकायतों के बाद हटाई गई जिला सहकारी बैंक की शाखा प्रबंधक

**बिश्रामपुर।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा बिश्रामपुर में पदस्थ शाखा प्रबंधक बिंदु रानी का तबादला कर बैंक प्रबंधन ने लटोरी शाखा प्रबंधक बतौर पदस्थ कर दिया है।बिश्रामपुर में उनकी जगह सूरजपुर शाखा में पदस्थ सहायक मुख्य पर्यवेक्षक ज्योतिर्मयी बा को शाखा प्रबंधक नियुक्त किया गया है।उक्त आदेश मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी बैंक एसपी सिंह के हस्ताक्षर से गत दिवस जारी किया गया है।बता दें कि बिश्रामपुर सहकारी बैंक शाखा में व्यापक पैमाने पर अनियमितता बरतने की खबरें पिछले लंबे समय से लगातार आ रही थी।समय पर शाखा नहीं खुलना, कृषकों को धान बोनस की राशि के भुगतान में अनियमितता सहित कई किसानों से पैसे लेकर उनका बिना लोन काटे धान की राशि का पूरा भुगतान कर देने का मामला लगातार सामने आ रहा था।इसके अतिरिक्त ग्राहकों को बिना एक्टिवेट किए एटीएम वितरण कर खाता धारकों को अनावश्यक परेशान कर बैंक शाखा आने के लिए विवश करने समेत कई शिकायतें मिल रही थीं। लगातार शिकायत के बाद आखिरकार बैंक प्रबंधन ने शाखा प्रबंधक बिंदु रानी का यहां से तबादला कर दिया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736




